# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)**

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.) – 491001

*ई मेल : exam@durguniversity.ac.in* *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*


क्रमांक Q-18/परीक्षा/2021 दुर्ग, दिनांक 17.05.2021

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2020–21,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय,
दुर्ग (छ.ग.)

**विषयः–** **सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2020–21 की उत्तरपुस्तिकाओं के संग्रहण के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश।**

विषयान्तर्गत छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटलनगर द्वारा जारी आदेश क्रमांक एफ 17–1/2021/38–2 नवा रायपुर, दिनांक 21.04.2021 के अनुपालन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक Q-14/परीक्षा/सेमे./2021 दिनांक 27.04.21 के माध्यम से सत्र 2020–21 की सेमेस्टर कक्षाओं हेतु कोविड 19 की स्थिति को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष ऑनलाईन/ब्लैंडेड पद्धति से दिनांक 05.05.21 से 14.05.21 तक आयोजित की गई। जिसकी उत्तरपुस्तिकाओं को महाविद्यालयों में जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथियां घोषित की जाती हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पीजीडीसीए/डीसीए/पीजी डिप्लोमा इन योगा | – | 18 मई 2021 |
| 2. | सम्पूर्ण एम.एससी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर | – | 19 मई 2021 |
| 3. | सम्पूर्ण एम.कॉम. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर | – | 19 मई 2021 |
| 4. | एम.एड./बीबीए/एलएलबी समस्त सेमेस्टर | – | 20 मई 2021 |
| 5. | समस्त एम.ए. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर | – | 21 मई 2021 |
| 6. | बी.एड./एम.लिब./एम.एस.डब्ल्यू. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर | – | 22 मई 2021 |

चूंकि समस्त महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, अतः उत्तरपुस्तिकाएं समस्त संबंधित महाविद्यालयों में जमा की जावेगी। महाविद्यालय दिनांक 18.05.21 से 22 मई 2021 तक उत्तरपुस्तिकाओं का संग्रहण करेंगे तथा उक्त उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल दिनांक **24 मई 2021** तक तैयार रखेंगे। अतः संबंधित महाविद्यालय अपने नियमित विद्यार्थियों से संपर्क कर उत्तरपुस्तिकाएं उक्त अंतिम तिथि के पूर्व जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। महाविद्यालयों हेतु निर्देश निम्नानुसार हैः–

1. परीक्षार्थियों से उत्तरपुस्तिका संग्रहण करते समय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु भरे गये परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी की प्रति समस्त अंकसूची एवं आवश्यक अभिलेखों की छायाप्रति जमा करना आवश्यक है ताकि परीक्षार्थियों की पिछली परीक्षा के अंकों का सत्यापन महाविद्यालय द्वारा किया जा सके।
2. महाविद्यालयों को उत्तरपुस्तिका जमा करते समय परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र की एक प्रति को टीक (√) कर पावती देनी होगी। जिससे प्रमाणित होगा कि छात्र/छात्रा द्वारा संबंधित विषय/कक्षा के प्रश्नपत्रों की सभी उत्तरपुस्तिका को ही जमा किया गया है।
3. विश्वविद्यालय पोर्टल पर सभी परीक्षार्थियों के विवरण उपलब्ध हैं जिसमें सम्मिलित होने वाले प्रश्न पत्र सहित अन्य जानकारी वर्णित है तथा जिस छात्र/छात्रा ने उत्तरपुस्तिका जमा नहीं की है उसका विवरण विश्वविद्यालय भेजे जायेंगे।
4. उत्तरपुस्तिका निर्धारित तिथि तक ही जमा होगी। निर्धारित अंतिम तिथि के उपरांत ऐसे परीक्षार्थियों जिन्होंने उत्तरपुस्तिका जमा नहीं की है को अनुपस्थित मानकर मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम घोषित किये जायेंगे।

क्रमशः 02 .....

5. उत्तरपुस्तिका एवं परीक्षा आवेदन फार्म की हार्डकॉपी जमा करते समय महाविद्यालय नियमानुसार परीक्षार्थियों से अग्रेषण शुल्क की राशि रू. 30/– जमा लेंगे।
6. उत्तरपुस्तिका संग्रहण एवं बंडल तैयार करने हेतु संग्रहण हेतु जारी अधिसूचना में उल्लेखित तिथियों तक का ही पारिश्रमिक छात्र संख्या के आधार पर महाविद्यालय के वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष के साथ सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं तृतीय व चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को <u>विश्वविद्यालय के निर्देश क्रमांक 1653/परीक्षा/2020 दुर्ग, दिनांक 28.01.2020 के अंतर्गत नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।</u>
7. उत्तरपुस्तिका रोलनम्बर के अनुसार क्रमवार जमाकर बंडल में महाविद्यालय का कोड क्रमांक, प्रश्नपत्र कोड/कक्षा/सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या बंडल में अनिवार्य रूप से अंकित करें।
8. परीक्षार्थियों के उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल एवं परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म के हार्डकॉपी का बंडल पृथक–पृथक बनाकर भेजे जावे।
9. **समस्त महाविद्यालय कक्षावार/प्रश्नपत्रवार उत्तरपुस्तिकाओं का अलग–अलग बंडल बनाकर रखेंगे। प्रत्येक बंडल में संबंधित विषय के प्रश्नपत्र की एक प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। महाविद्यालय अपने आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर संबंधित कक्षाओं के परीक्षार्थियों के फाईल/काउन्टर फाईल डाउनलोड कर लेंगे तथा संबंधित कक्षाओं के बंडल बनाते समय उक्त फाईल/काउन्टर फाईल को भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा कराया जायेगा।**
10. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि में संबंधित महाविद्यालयों में गाड़ी भेजकर उत्तरपुस्तिकाएं एकत्र की जावेगी, अतः महाविद्यालय उक्त अंतिम तिथि तक उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल तैयार रखेंगे। उत्तरपुस्तिकाओं हेतु विश्वविद्यालय की गाड़ी जाने पर उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल तैयार न होने की स्थिति में महाविद्यालय अपनी सुविधा/वाहन से उत्तरपुस्तिकाएं विश्वविद्यालय तक पहुंचाने की व्यवस्था करेंगे। इसके लिए उन्हें किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जावेगा।
11. उत्तरपुस्तिका जमा करने के दौरान महाविद्यालयों को राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 हेतु जारी SOP का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।
12. उत्तरपुस्तिकाएं केवल संबंधित महाविद्यालयों में ही जमा की जावेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा सीधे उत्तरपुस्तिकाएं स्वीकार नहीं की जावेंगी।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र. Q-18-A/परीक्षा/2021 दुर्ग, दिनांक 17.05.2021

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजसहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)